Now-a-days Municipalities are not taking any action because they do not have funds to take action. Whatever they get by way of income is very meagre and they do not have money to give to their own employees and some of the Municipalities in Tamil Nadu have not paid their employees for the last 7-8 months. Some of the people do not have money to lay the roads. Mosquito Eradication Programme cannot be left only to the State Governments, to the municipalities. I do not know whether the Central Government would take it up but some monitoring should be done by them. I would like to know whether the Government is doing it through the municipalities or the State Governments are doing it because it is a very serious problem as I see it because it creates so many other complications to the Government and the people concerned. Another important point that has already been mentioned is regarding the lack of facilities in the villages. It has been very clearly stated that our medical facilities have been arranged in such a manner that in the lowest level, we have got the Primary Health Centres where, as it has been already said my previous speaker, Shri Ashwani Kumar, medicine worth only Rs. 1 or Rs. 2 is given there. If you really calculate, the Primary Health Centre in my State is not getting even 15 paise worth of drugs in these Primary Health Centres, if you take it per capita wise. Per capita expenditure on drugs as you rightly know is only Rs. 7.50 per capita income on total medical facilities in this country. But most of the amount is now being spent on machines, on the construction and on the personnel. How much we are spending on medicines? It may be Rs. 101 and that too is coming to the urban areas. If you take the per capita expenditure on the patients in the Primary Health Centres, in the Municipal Hospitals and in the Medical Colleges, there is a lot of variation. In the Primary Health Centres, it would be very minimal. In the Municipal areas, it would be pretty larger. In the Medical College Hospitals, Sir, I was surprised to find that the per capita expenditure on drugs per patient in the Madras Medical College is nearly three-times what they are spending on the Medical College of my area. That also is varying from this proportion to that

[Shri G. Swaminathan]

proportion. The speciality provision is, now it is starting from the uppermost areas, that is on the urban level. In the Madras Medical College, you have got all the specialities and all the super specialities. Next to that, it goes to big district headquarters where you have got super specialities. When you go to the municipal areas, you have got the minimal facilities and then when you go to the Primary Health Centres, you will see that very few facilities are available. So, the patient who has got cancer cannot even get treatment in a medical college of my district. He has to come to Madras. Cancer affects all patients. It may affect a rich man, it may affect a poor man. But how can the poor patients come to Madras and get treatment for cobalt therapy or whatever therapy it may be? Whatever facilities are there, they should start from the village level because the majority of the people live in villages. If you take into consideration the poorer areas, you will find that they have more diseases because they are ill-nutritioned and poor facilities are there and water-borne diseases also come there. So, the facilities should start from the villages and more money should be given to the villages than in the major towns. But how we are planning is that we are spending more in the urban areas and least in the village areas. (*Time Bell rings*). I do not know how can I touch all these points.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You cannot. You have to be selective.

SHRI G. SWAMINATHAN: I am only saying that for such an important problem, we have got only two hours and in seven or eight minutes, I do not think we will be able to touch all these points. You kindly allow me two minutes.

As regards the private practitioners in the medical institutions, we have not taken a decision whether we should allow honorary people or not. This is hanging in the balance for a long time whether to have an honorary Medical Council and even in our own State, the Government at one time said, they want abolition of honorary system. Now, they are not able to take a decision because 'honorary' people are very important people. They are treating Ministers. So, when they come to the question of Minister, they won't do it. So, honorary are flourishing these days. You see Surgeons are not getting promotion for umpteen years. For 15 years, they are not getting promotion but you are continuing with the honorary system. For what? I do not know. In medical colleges, you are having people who are practising. Most of the doctors are practising in the private nursing homes. The hospitals are becoming places where they get patients for their private nursing homes. I do not know why you are allowing all this. The State Governments are allowing the private practice by the people who are engaged in the medical profession. Professors can be paid well and they can attend to their patients. As in the foreign countries they can have their own consultancy in the hospital. They can take little for themselves and they can give to the patients also. Finally, Sir, I have noted down 25 points but I have to close. Regarding Siddha research I told the hon. Minister last time and very recently projects have come up for Unani, Ayurvedic, Homoeopathy etc. I am very sorry to say that you have said "Ayurvedic including Siddha."

3.00 P.M.

"Ayurveda (Siddha)" is not correct. You don't put Siddha within brackets. (*Interruption*) What I am agiated about is in this book, you have said about Ayurvedic System, about Homoeopathic System. Naturopathic System, about everything. But Siddha is our ancient Tamil system. You cannot put... (*Interruption*)

KUMARI SAROJ KHAPARDE: We are asking the Government to make an independent institute for Siddha.

SHRI G. SWAMINATHAN: That is one thing. But "Ayurveda (Siddha)" has gone long back. Siddha is not one of the systems of Ayurveda. We have fought over this. We were told that under the CGMPS Siddha was recognised as a separate unit. We have only one unit of research for Siddha in Tamil Nadu. You told me privately that because Siddha is prevalent only in Tamil Nadu, we have got only one institute for research. Now, research in Ayurveda is done in Italy. It is not the origin of the medicine that matters. To whom it is beneficial is more important. If I find Acupuncture good, I can have a research institute in Madras. So, the origin is not the criterion. We should think of the ultimate beneficiaries.

There is another point raised by Mr. Vijaya Mohan Reddy. He has said that we have about 40,000 drugs in India and asked why we cannot have only about 200 drugs in this country. I have great respect for Mr. Vijaya Mohan Reddy. But I cannot accept this point. We allow individual trade and open competition in this country. You can have only one soap. Why should you have so many brands like Rexona, Hamam, Cuticura, etc.? In China they have said all the ladies will have one kind of dress and all the men will have one particular type of dress. You can take away all the colourful dresses and streamline living. You will have everything economical. But we cannot have that kind of a procedure. In India, you have many companies and trade-names. Trade-names have to be there. Otherwise, you cannot identify them; nobody can work on them. The same product is manufactured by many companies. Multiplicity of companies does not mean there are 40,000 drugs. Different names are there for the same drug.

Another point he raised is about irrationality of drugs. He has said drug companies are manufacturing irrational combinations. Here, I would like to say this. Some combinations may be good ethnically for some countries. They may not be so for some other countries. Some of these irrational combinations are still good in Britain. Some products may be irrational in Nigeria, Namibia or in some African countres. But that does not mean they should be irrational in India. Some drugs may be irrational in Japan. It does not mean they should be so in India. They have been talking about this day in and day out as if nobody knows anything about it. There is a drug department. (*Interruptions*). There are eminent people who are examining these things. There are technical people working on it. It is not as if nobody is concerned in this country. Everybody is concerned. Everybody is working on it. I do not think it is fair to accuse the Government that it is not looking into these things. With these words, I conclude.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: Mr. Vice-Chairman, Sir, the subject is so vast that it would take a long time for one to speak on it. But the importance given to this subject can be gauged from the fact that the allocation for health stands where it stood from the Fourth Plan till the Seventh Plan. The outlay covered 1.80 per cent in the Fourth Plan and and it is again 1.80 per cent in the Seventh Plan. This is the importance we are giving health.

I would first of all address myself to the Ministry of Finance and the Planning Commission to plead that more allocations should be given to health and family welfare.

Sir, this is a very vast subject. But I would confine myself to only three small points. First and foremost is the utter failure of our family planning system. I happened to hear a BBC broadcast fifteen days back. I

[Shri Ghulam Rasool Matto]

referred it to the Prime Minister also in which a Washington based demographic expert had stated that according to the plans that the Government of India has at present which he had fully studied, the implications of those plans, by what we are doing at the present moment in the year of Lord 2015 — I will not be living at that time no doubt—the population of India will be 140 crores and it will surpass that of China. He said this is a very great risk and if the Indian Government does not take effective measures now, a situation will arise when they will not be able to feed the people, they will not be able to provide housing, they will not be able to provide drinking water. I think what we lack today is — because of the 77 experience — a national policy on family planning. I think every political party, be it our own party.'

[The Vice-Chairman, (Shri B. Satyanarayan Reddy) in the Chair]

The National Conference, or any other party, does not want to touch on this subject lest it should become a political issue. This is not a political issue. This is a national issue. I would request the Minister to react as to what steps are being taken by him. I am a small man from a small party, but let it go on record that I have warned in the year 1989 that we will be facing a catastrophic situation in the year 2015 when the population will rise to 140 crores, if effective measures are not taken now. I think under the stewardship of our dynamic Minister and Minister of State, in spite of the reticence of the political parties, in spite of the indifference shown by the political parties, they will *suo motu* take certain effective steps. The gravity of the situation can be gauged by the mere fact that even at present only 37% population is being covered by our family planning programme and 63% is still left out. My friend, Mr. Ashwani Kumar, came out with certain details and proposals. So we have to urgently think of some sort of effective measures. I would even request the Prime Minister to convene an all-party conference on this issue and evolve a national policy and the national policy must envisage incentives and disincentives because unless there are certain incentives for those who practise family planning, this automatically becomes a disincentive for those who do not practise. So I think it should be directed towards that end.

The second point I want to bring to your kind notice is I was in Jaddah only two days back and there is a very influential Englilsh newspaper called the *Arab News* and the issue of Thursday the 20th April gives a report by one Mr. Richard Vantra datelined New Delhi:

> "Accidental discovery of AIDS antibodies in an injection about to be given to a pregnant woman has led to the abrupt banning of all domestically manufactured blood related products in India."

The details are given but for want of time I won't quote them all. But some doctor in the All India Institute of Medical Sciences was about to give an injection and this was how it was accidentally discovered that it was AIDS contaminated.

> "While no official figures are there, it is likely that tens of thousands of people, if not a higher number, have been deprived of life saving products. While Governments laboratories and health officials scramble to determine appropriate safeguards and get them to replace domestically produced products... blood based treatments for tetanus and rabies through blood plasma are covered by the ban."

Meanwhile the policy of the Government in this regard is that they can import till such time as our own laboratories are in a position. It says:

"Doctors in Delhi scoff at the Government's approach allowing imports knowing that even if the red-tape for allowing imports is removed, complicated foreign exchange requirements remain in force. It is criminal for the Government to put a ban and then tell the individual, 'It is O.K. to import it.'. How long it will take to figure out how to get it and how to get the foreign exchange?"

He is suggesting a remedy also.

"The Government should import and keep it in the Central Warehouse. But they don't do it."

It further says:

"There will be a quicker development of black market in blood products, either the potentially contaminated or domestically produced ones or the foreign-made products. In either case it will be more expensive and more difficult for the people to get them. More than a month after the orders went out the domestically-produced blood-based products are in short supply."

I would, therefore, suggest to the Government to import these on an emergency basis and keep them in the Central Warehouse till such time the O.K. is given.

My next point is about malaria. It is mentioned in the Ministry's Report that in 1976, we had 64,67,215 cases and it has dropped down to 17,92,167. But the other side also has to be seen. Now, what is the other side? When the number of cases were about 64 lakhs, deaths were only 59 whereas, when the cases dropped down to 17 lakhs or so, deaths were 323! What is it? When we have successfully brought down the number of cases from 64,67,215 to 17,92,167 how is it that the number of deaths has increased? Does it mean that we have not given the proper treatment and that is why the number of deaths has gone up? The Government should take note of this aspect.

My next point for consideration is about the controversy that is raging now. Certain questions are being raised almost every week with regard to banning of certain drugs to which Mr. Swaminathan also referred. Certain drugs like Analgin, Mexaform, etc. are banned in other countries, but they are not banned in this country. The honourable Minister, while replying to a question on this, also mentioned this point. I think that we have to evolve a national policy on this also. We have to tag ourselves to one group or the other according to the advice which the experts give and whatever drugs are banned by that group, we have to follow that. But we have to find out which group we have to tag ourselves to. If some countries, say, Japan and West Germany, ban cerain drugs, we need not ban them. This aspect of the matter should be taken into consideration and we must tag ourselves with one or the other set of countries. I am saying this because research and development are so large and so vast that we can take advantage of them and the Government will be well advised to tag itself to one set of countries or the other so that we can take advantage of the R&D of those countries and decide about banning or not banning drugs. This is a very important issue because questions are being raised daily about this and this has to be seriously considered.

Lastly, Sir, I would like the honourable Minister—the dynamic Minister of State is also here now—to look into the conditions of the hospitals and the other institutions like the AIIMS in Delhi. There are complaints about these institutions and the services need to be improved. I would like to know what measures the Government has in mind in order to make them effective. The AIIMS was started about 25 years ago when the population of Delhi was not that much. Now the population of Delhi alone has gone up to about eighty lakhs and people from other parts of the country also

come there for treatment. Therefore, I would like to know what effective steps are being thought of by the Government to augment the services in these institutions so that the people, particularly the poor people, are benefited. Thank you, Sir.

SHRI G. SWAMINATHAN: Has the Minister to give the reply today?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY): Afterwards. At 3.30 there is Short Duration Discussion. Shri Virendra Verma.

श्री वीरेन्द्र वर्मा (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, वर्ल्ड हेल्थ असेंब्ली में भारत की तत्कालीन प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने यह घोषणा की थी, मई 1981 में कि स्वास्थ्य सुविधाएं घरों तक जनता तक, जहां समस्याएं हैं, हमें पहुंचानी हैं । सभी स्वीकार करते हैं कि हिंदुस्तान गांवों का देश है । गांवों में अधिकांश व्यक्ति गरीब हैं और अनपढ़ हैं और गांवों में पर्याप्त आवागमन के साधन भी उपलब्ध नहीं हैं । जब कोई बीमार हो जाता है तो डाक्टर्स को बुलाने या बीमार को डाक्टर्स तक ले जाना आवागमन की सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण बहुत कठिन हो जाता है । सरकार ने यह दावा किया है कि पब्लिक हेल्थ सेंटर्स और कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर्स ने करीब करीब पूरे देश में अपने लक्ष्य की पूर्ति कर ली है । यह भी कहा है कि जो कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर्स हैं उनमें विशिष्ट सुविधाएं जैसे एक्सरे की सुविधाएं और शैया सुविधाएं आदि भी उपलब्ध करा दी गयी हैं । माननीय, मैं सरकार के इस दावे से सहमत नहीं हूं । मैं ऐसा मानता हूं कि गांवों में कम्यूनिटी सेंटर्स पर इस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिये, जिसका कि दावा है जो उपलब्ध नहीं हैं ।

इस तरफ मैं, माननीय मंत्री जी का ध्यान, आपके द्वारा आकर्षित करना चाहता हूं । देश के कई प्रदेशों में जैसे बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात है, उनमें निजी मेडिकल कालेजेज लोगों ने स्थापित किये हुए हैं । पचास हजार से एक लाख रुपये तक का डोनेशन लेकर लोगों को भरती किया जाता है । भरती करने के पश्चात् जब वहां से लड़के निकलते हैं, अथवा गवर्नमेंट के मेडिकल कालेजज से, सभी डाक्टर्स शहरों में नौकरी करना चाहते हैं । कोई भी गांव में नौकरी करने के लिए तैयार नहीं हैं । जितने आपने सब-सेंटर्स पब्लिक हैल्थ सेंटर्स, कम्यूनिटी हैल्थ सेंटर्स गांवों में स्थापित किये हुए हैं, मान्यवर, उनमें कितनों में डाक्टर रहते हैं ? वहां पर दवाइयां बेच दी जाती हैं, कंपाऊंडर्स मरीजों को दवाइयां देते हैं ।

यह मैं माननीय मंत्री जी के नोटिस में लाना चाहता हूं । जिन आदमियों को शिकायतों के आधार पर सजायन, या सजा के तौर पर वहां भेजा जाता है वह आदमी गांव में भेजे जाते हैं और वह गांव में जाते नहीं, मुफ्त में तनख्वाह वसूल करते हैं सरकार से और सजा इस प्रकार मिलती है गांव के मरीजों को और गांव में रहने वाले लोगों को ।

इसलिए, मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार के सामने दो सुझाव रखना चाहता हूं ।

मेरा पहला सुझाव यह है कि स्वास्थ्य सुविधायें गांवों तक पहुंचे, गांव के मरीजों की सही सेवा हो, उसके लिए जो भी सरकारी नौकरी में डाक्टर्स आयेंगे, उनके लिए अनिवार्यता प्रारम्भिक तीन वर्ष गांवों में सेवा करने के लिए निर्धारित किये जाएं ।

मेरा दूसरा सुझाव यह है कि जो लोग निजी मेडिकल कालेजेज खोल रहे हैं और 50 हजार रुपये, एक-एक लाख रुपये का डोनेशन ले करके भर्ती करते हैं। केन्द्रीय सरकार प्रदेश सरकारों से बात करे और जितनी बड़ी स्टेट्स हैं प्रत्येक बड़ी स्टेट में कम से कम एक रुरल मेडिकल कालेज स्थापित किया जाए । इन रुरल मेडिकल कालेजेज में केवल योग्यता के आधार पर ग्रामीण लड़कों का चयन हो और जो पास करके जायेंगे उनके लिए

यह शर्त भी निर्धारित हो कि उन्हें अनिवार्यतः 6 वर्ष तक कम से कम ग्रामीण डिसपेंसरीज में कार्य करना होगा । अगर इस प्रकार मेरे इन सुझावों पर माननीय मंत्री जी ध्यान दगे तो मुझे यह विश्वास है कि जो इनके सब सेंटर्ज पब्लिक हैल्थ सटर्ज कम्युनिटी हैल्थ सेंटर्ज हैं वह आबाद हो जायगे और गांवों में रहने वाले लोगों की सेवा हो सकेगी और कंपाउंडर्ज के जरिए नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा । हर छोटे-बड़े मर्ज के लिए उन्हें जिला स्तर पर भागना नहीं पड़ेगा और जो डिसपेंसरीज आपने इस प्रकार स्थापित की हुई हैं उनका उपयोग हो सकेगा । तीसरे, मेरा यह सुझाव है कि जितने भी आपके मेडिकल कालेज हैं उनमें शैडयूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्स के जो स्टूडेंटस हैं जैसा अभी जम्मू-काश्मीर में जाने का अवसर मिला, वहां हम लोगों ने पूछा कि जो बैकवर्ड एरियाज के लोगों के लिए वहां की गवर्नमेंट में कुछ रिजर्वेशन किया है मेडिकल कालेजज के लिए उसके बारे में वहां के प्रिंसीपल्ज ने यह बताया कि जो भी शैडयूल्ड कास्ट्स और शैडयूड ट्राइब्ज और बैकवर्ड एरियाज से आए हुए लड़के मेडिकल कालेज में दाखिल किए जाते हैं वे पहले ही वर्ष में फेल हो जाते हैं और फिर फेल हो जाते हैं। लिहाजा मेरा यह निवेदन है कि शैडयूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्ज और बैकवर्ड एरियाज से या जो भी आरक्षित क्षेत्र से आएं उनकी कोचिंग की व्यवस्था सरकार करे जिससे कि वे 5 वर्ष में दूसरे लोगों के साथ सही से पढ़ाई करके उत्तीर्ण हो जाएं और देश की सेवा के लिए सक्ष आएं। मान्यवर, दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, मद्रास और चंडीगढ़ जैसे स्थानों पर या जो प्रदेशों की राजधानियां हैं उनमें जिस प्रकार की सुविधाएं सरकार की तरफ से उपलब्ध हैं और जितनी आधुनिक मशीनें हैं और जिस प्रकार के एक्सपर्ट्स यहां पर बैठे हैं जिलों में न ऐसे एक्सपर्ट्स हैं और न इस प्रकार की स्वास्थ्य की सुविधाएं हैं तथा न ही ऐसा विश्वास है । लिहाजा मेरा आपसे यह नम्र निवेदन है कि जैसे कि इंदिरा जी ने कहा था कि लोग-बाग शहर की तरफ न भागें, सैन्ट्रलाइज्ड हास्पीटलज की तरफ न भागें, इस प्रकार की आधुनिक सुविधाएं जिला स्तर तक पहुंचाने की आप स्टेट गवर्नमेंट के माध्यम से मशिवरा करके कोशिश करेंगे और आप सफल होंगे, ऐसा मुझे विश्वास है । मान्यवर, सरकारी अस्पतालों में लोग-बाग बहुत से नहीं जाते हैं और प्राइवेट डाक्टर्ज के पास जाते हैं । क्यों ? लोग-बाग कहते हैं कि सरकारी अस्पतालों में कोई तवज्जह नहीं करता। इस प्रकार का विश्वास आम आदमी को हो जाए कि सरकारी अस्पतालों में कोई तवज्जह नहीं की जाती तो वह बहुत नामुनासिब है । डाइरेक्टर्ज, मेडिकल सुपरिटेंडेंटस जितने भी हैं उनसे परामर्श करके आप व्यवस्था करेंगे कि लोगों को इस प्रकार की कोई शिकायत न हो कि निजी अस्पतालों में ज्यादा केयर की जाती है और सरकारी अस्पतालों में उतनी केयर नहीं होती । ऐसी बात नहीं होनी चाहिए। लोगों के दिमाग से इस प्रकार का विश्वास खत्म हो जाना चाहिए । फिर मान्यवर, डाक्टर्ज प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं । मुझे यह जानकारी है कि बहुत से डाक्टर्ज जो मेडिकल कालेजज में मरीज जाते हैं उनसे कह देते हैं कि घर पर आ जाना और मैं वहां तुम्हारा ठीक ढंग से आपरेशन कर दंगा । या फिर वे प्राइवेट अस्पतालों में नौकरियां करते हैं । नौकर सरकारी हैं और प्राइवेट अस्पतालों में नौकरियां की हुई हैं । वहां उन लोगों को बुलवाते हैं और कहते हैं कि आपरेशन करवाने के लिए वहां आइयेगा । यह भी बिल्कुल गलत बात है । सारे देश के लिए एक प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिए और प्राइवेट प्रैक्टिस की आप उन्हें इजाजत न दें। यदि दें, तो कहां तक आप इजाजत दे सकते हैं ? यह मैं इस वजह से कह रहा हूं ताकि बढ़िया किस्म के डाक्टर हस्पताल में अधिक रुचि लें, लगन के साथ काम करें, अस्पताल का नाम भी ऊंचा करें । इस प्रकार का एक सुझाव, मान्यवर, मेरा है ।

जहां तक दवाइयों की बात है । मान्यवर, इसकी मुझे व्यक्तिगत जानकारी है कि गरीब आदमी अगर अस्पताल जाता है तो गरीब आदमी को पर्चा लिखकर दिया जाता है कि वह बाहर से दवाइयां खरीदे और जो जो अमीर या प्रभावशली

[श्री बीरेन्द्र वर्मा]

आदमी जाता है तो उसे अस्पताल से दवाइयां मिल जाती हैं, जबकि होना उल्टा चाहिए । तो मैं चाहूंगा कि जब तक अस्पताल में दवाइयां रहें, सबको मिलें और गरीब को तो अस्पताल से मिलनी ही चाहिएं चाहे पर्चा देकर के उनके लिए मंगाई जायं और अमीर आदमी बाहर से पर्चे से दवाइयां खरीद कर लाए। इस प्रकार की व्यवस्था की जानी चाहिए।

खाना, दूध, फल जो अस्पतालों में दिया जाता है वह भी घटिया किस्म के होते हैं, घटिया किस्म के फल, जैसे सेब है या सन्तरा है या दूसरे फल हैं, इसी तरह दूध सेपरेटा का, खाना भी घटिया किस्म का । मान्यवर, जो दिया जाना चाहिए वह नहीं दिया जाता । ठेकेदार, जिनको ठेका दिया जाता है वह बचाने की चेष्टा करते हैं । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि यह जो बीच के बिचौलिए खा रहे हैं उनको आप समाप्त करें और क्वालिटी खाने की दूध की, फलों की मरीजों के हित में बेहतर और अच्छी करें ।

मान्यवर, मेरे मकान के बराबर में ही डा० राम मनोहर लोहिया अस्पताल है वहां गया हूं पंत अस्पताल में गया हूं जय प्रकाश नारायण अस्पताल भी गया हूं इनके शौचालयों में, इनके कमरों में फर्श वगैरह की जिस प्रकार की सफाई होनी चाहिए, उस प्रकार की नहीं हो रही है। सफाई की ओर भी विशेष रूप से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, विशेषकर अस्पताल के कमरों को, कपड़ों को, पलंग को, चादर को, कंबल को साफ रखने की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए ।

मान्यवर, इस देश में इस समय 90 लाख अंधे हैं और 4.5 करोड़ व्यक्ति ऐसे हैं जिनकी बिनाई, देखने की शक्ति ठीक नहीं है, उनकी आंखें ठीक काम नहीं कर रही हैं । गांव में तो हालत खराब है, वहां धूल अधिक है; जब किसान खेत में काम करते हैं तो गर्द उनकी आंखों में जाती है, धूप भी आंखों पर पड़ती है और उनकी आंखें खराब होती हैं । इसके लिए जो सुविधाएं हैं हमारे देश के अस्पतालों में, विशेषकर रूरल एरियाज में दी जानी चाहिए । मान्यवर, मैं आपके माध्यम से निवेदन करूंगा कि आई-बैंक ब्लड-बैंक, किडनी बैंक की स्थापना पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ।

मान्यवर, मधुमेह एक बीमारी है । मैं कहीं पढ़ रहा था कि सारे संसार की तीसरे नंबर की मृत्यु मधुमेह की बीमारी से होती है। मधुमेह हमारे देश में भी बढ़ती जा रही है । यह आंख भी खराब करती है, किडनी भी खराब करती है और यह अपने आप में ही खराब है, जिसकी तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए । तपेदिक पर पहले से कंट्रोल हुआ है लेकिन इस ओर भी ध्यान देना चाहिए । कैंसर बहुत तेजी के साथ बढ़ा है और हार्ट की बीमारी भी बहुत तेजी के साथ बढ़ रही है । तो सरकार को इन बीमारियों की तरफ ध्यान देकर अस्पतालों में व्यवस्था करनी चाहिए ताकि मरीजों को ज्यादा भागदौड़ न करनी पड़े और उनको जिला-स्तर पर ही सारी सुविधाएं उपलब्ध हो जाएं ।

मान्यवर, देश की आबादी सन् 1947 में 34 करोड़ थी, आज यह बढ़कर 80 करोड़ हो गयी है । आबादी तेजी से बढ़ती चली जा रही है बावजूद सरकार की कोशिशों के 1000 पर 32 व्यक्ति की दर से जनसंख्या में वृद्धि देश में होती है और इससे हमारे जो विकास के कार्य हैं पिछड़ जाते हैं । ऐसे हालात में, मैं परिवार नियोजन की तरफ माननीय मंत्री जी का ध्यान विशेषकर आकर्षित करना चाहता हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री बी. सत्यनारायण रेड्डी) : वर्मा जी, आप कितना समय लेंगे ?

श्री वीरेन्द्र वर्मा : अभी तो मिनिस्टर नहीं आये हैं ?

उपसभाध्यक्ष (श्री वी० सत्यनारायण रेड्डी) : 3 बजकर 30 मिनिट पर शार्ट डयूरेशन है, उस के बाद आप कटीन्यू कर लीजिये ।

श्री वीरेन्द्र वर्मा : मैं 10 मिनिट में खत्म कर दूंगा । परिवार नियोजन पर मैं खास तौर से बोलना चाहता था ।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी० सत्यनारायण रेड्डी) : अगर आप दस मिनिट में खत्म कर सकते हैं तो कीजिये ।

श्री जसवंत सिंह : (राजस्थान) : वर्मा जी, परिवार नियोजन कल कर लीजिये ।

श्री वीरेन्द्र वर्मा : मैं अब खत्म ही कर रहा हूं । मान्यवर, मैं परिवार नियोजन की बात कह रहा था । मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । आपने पहली प्लान में स्वास्थ्य के लिये 3.3 परसेंट धनराशि रखी थी लेकिन सातवीं प्लान में वह गिरती गयी, अब 1.8 परसट है । हालांकि रुपया आपने बढ़ाया है, सारी योजना पर रुपया बढ़ा है लेकिन आपका परसेंटेज गिरता चला गया है । यह एक दुख की बात है कि जब महगाई बढ़ती चली जा रही है परसटेज आपका इस प्रकार से गिर रहा है । तो आप जनता के गिरते हुए स्वास्थ्य को नहीं बचा सकते । परिवार नियोजन पर जो इन्होंने शुरू से आखिरी तक खर्च किया है, वह मैं नहीं बताना चाहता हू लेकिन परिवार नियोजन का सातवीं पचवर्षीय योजना में जो 1.9 परसेंट का टार्गेट रखा था वह 85–86 में 1.8 परसेंट है, 86–87 में 1.8 परसेंट और 87–88 में भी 1.8 परसेंट है । आपने उपलब्धि तो बहुत दिखायी है, लेकिन आपका खर्चा इस मामले में भी घट रहा है जिससे मुझे संतोष नहीं है । जिस तेजी से हमारी आबादी बढ़ रही है, इसमें हमारे जैसे विकसित देश में जब तक हम बढ़ती आबादी को नहीं रोक सकेंगे, हम अपने देश का विकास नहीं कर सकते । इसलिये हमें परिवार नियोजन की तरफ विशेष ध्यान देना है । मान्यवर, आपने बताया कि सातवां पचवर्षीय योजना में 60 हजार 7 सौ 39 लाख रुपया केन्द्र का और प्रदेश की सरकारों का परिवार नियोजन पर खर्च हुआ है । मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहूगा कि आपने 39.8 परसेंट कारगर ढंग से सुरक्षित किये गये दपतियों के फिगर्स दिये हैं, उनमें शहर में इसका कितना लाभ पहुंचा है और गांवों में कितना लाभ पहुचा है ? महोदय, हिन्दुस्तान गांवों का देश है । गांवों में अनपढ़ भी हैं, गरीब भी हैं जहां कि परिवार नियोजन का सबसे अधिक फायदा पहुंचना चाहिए लेकिन वहां अभी तक परिवार नियोजन का लाभ नहीं पहुचा है । मान्यवर, सरकार ने लड़के और लड़की शादी की कमशः 21 वर्ष और 18 वर्ष निर्धारित की है, लेकिन जहां से मिर्धा जी आये हैं, राजस्थान से, वहां के बारे में इसी हाउस में के०के० बिड़ला साहब ने यह बताया था कि एक दिन में 40 हजार शादियां हुई हैं छै, सात और आठ साल का लड़का और पांच छै और सात साल की लड़की । तो सरकार ने यह कानून किस लिये बनाया है । लिहाजा मैं माननीय मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि इस कानून का कड़ाई से पालन करायें । 21 वर्ष से कम के लड़के और 18 वर्ष से कम की लड़की की शादी नहीं होनी चाहिये । जब कानून बनाया है तो उसका पालन कराएं, नहीं तो कानून नहीं बनाया जाना चाहिये था सिर्फ कागज पर ही बने रहने के लिये कानून नहीं बनाया जाना चाहिये ।

श्री जसवंत सिंह : मंत्री जी के ही जिले में इस तरह की शादियां ज्यादा होती हैं ।

श्री वीरेन्द्र वर्मा : मान्यवर, मैं यह मानता हूं कि जितनी बड़ी आयु में शादियां होंगी, परिवार नियोजन में बहुत सहायक सिद्ध होंगी दूसरे, लड़कियों की शिक्षा की तरफ विशेष ध्यान दें । जितना

[श्री वीरेन्द्र वर्मा]

आदमी और लड़की पढ़ी-लिखी होगी, उतनी ही देर से शादियां होंगी, वह भी आपके परिवार नियोजन में सहायक सिद्ध होंगी । मान्यवर, गांवों में जो अनपढ़ हैं, गरीब हैं, वहां आपके परिवार नियोजन का फायदा अभी तक नहीं पहुंच सका है। वहां वह जाना चाहिए।...(व्यवधान)... मान्यवर, एक मेरा यह सुझाव है कि लड़कों और लड़कियों के विवाह का रजिस्ट्रेशन तहसील में हो । हर आदमी बतायेगा कि मेरे लड़के की क्या उम्र है और मेरी लड़की की क्या उम्र हैं, उससे भी कानून के पालन में सहायता मिलेगी। इन्सेंटिव या डिस-इन्सेंटिव । जबर्दस्ती कुछ नहीं, लेकिन परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता के लिए आपको इन्सेंटिव देने चाहिए, डिस-इन्टेंसिव देने चाहिएं । दो औलाद के पश्चात् भारी डिस-इन्टेंसिव हो । किसी को भी जो सरकारी नौकरी में हो दो संतानों के बाद किसी भी प्रकार का इन्सेंटिव नहीं मिलना चाहिए । यह चन्द मेरे सुझाव हैं। मान्यवर, जो हमारे गरीबी निवारण के कार्यक्रम हैं, वे सफल नहीं हो सकते जब तक कि हमारा परिवार कल्याण का कार्यक्रम सफल नहीं होगा । दोनों एक दूसरे से अलग नहीं किए जा सकते, हैं लिहाजा इस तरफ आप विशेष ध्यान दें। यह महिलाओं, बच्चों और देश के हित में है, इससे अच्छा स्वास्थ्य रहेगा ।

हमारे पढ़े-लिखे बच्चों में, यूनिवर्सिटीज में ड्रग्स एब्यूज बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है । नकल कर रहे हैं पश्चिमी देशों की । भले कामों के लिए कोई पश्चिमी देशों की नकल नहीं करता, लेकिन बुरे काम के लिए नकल कर रहे हैं । शराब का एब्यूज भी बहुत बढ़ता जा रहा है ।

मान्यवय, शहरों में नर्सें हैं, लेकिन गांवों में प्रशिक्षित दाइयों की कमी होने के कारण हमारी बहुत सी महिलाएं गर्भावस्था में, बच्चा जनते समय मृत्यु की शिकार हो जाती हैं । इसलिए दाइयों को प्रशिक्षित करें, इस तरफ भी आप ध्यान दें ।

मान्यवर, जितने डाक्टर्स डिग्री प्राप्त कर निकलते हैं उनका एक चौथाई तो सरकारी नौकरियों में और जो तीन चौथाई रह गया वह सारे शहरों में, और गांवों में कौन गया ? गांव में तो उनके अस्पताल में, डिस्पेंसरी में भी डाक्टर नहीं जाते । गांव में नीम-हकीम जिसे कहते हैं, पुराने कम्पाउंडर, अनट्रेंड कम्पाउंडर, वे डाक्टर होकर बैठ जाते हैं। इसलिए हर हालत में जो अनट्रेंड डाक्टर्स हैं, वे डाक्टरी न करें। प्रदेश की सरकारों से मश्विरा करके उन्हें रोकना चाहिए और इस तरफ उन्हें ध्यान देना चाहिए ।

मान्यवर, अगर आप इजाजत दें तो मैं माननीय मट्टू साहब से एक प्रार्थना कर लूं । परिवार नियोजन की इन्होंने भी बहुत जोर से पैरवी की थी । अपने धर्म को बहुत जोर से मनाएं, हम सैक्युलर व्यक्ति हैं, लेकिन अगर चार बीवीयों के मामले में थोड़ी ढील कर सकें, वह तो एक ही बहुत है । मैंने कहा न करें चार बीवीयां । मैं यह कह रहा था कि धर्म के मामले में पूरी निष्ठा के साथ अपने धर्म को मानें लेकिन देश के हित में, देश के विकास के हित में अगर चार बीवीयों वाले प्रश्न पर पुनःविचार कर सकें तो जरूर गौर करें। श्रीमन महर्षि दयानन्द से किसी ने पूछा कि गृहस्थ आश्रम को ठीक ढंग से चलने के लिए क्या करना चाहिए तो उन्होंने कहा कि सारी उम्र में एक बार और एक बार में बस न चले तो वर्ष में एक बार और तब भी बस न चले तो डूब मरना चाहिए । तो चार बीवियों से इस देश का कल्याण नहीं हो सकता । इसलिए इसकी तरफ भी आप सोचें । अगर यह कर सकते हैं तो इनको करना चाहिए ।

आखिरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जितने भी सरकारी अस्पतालों के डाक्टर हैं उनका व्यवहार जितना मधुर होगा आधी बीमारी तो उनके मधुर व्यवहार से दूर हो जाएगी, बात ही न करें, तवज्जह ही न दें, मरीजों को न देखें तो यह बात मुनासिब नहीं है । मुझे उम्मीद है कि दोनों हमारे स्वास्थ्य मंत्री इन बातों की ओर ध्यान देंगे और

अगर मुमकिन हो सके तो अपने उत्तर में बतायें कि अगर कोई ऐक्सीडेंट होकर आदमी रात में आता है, बड़ा डाक्टर कोई अस्पताल में रहता नहीं तो क्या ऐसी व्यवस्था हो सकती है कि उसको देखने के लिए बड़ा डाक्टर आ सके ? संगीन बीमारी की अवस्था में या संगीन ऐक्सीडेंट का केस कोई आए तो आम आदमी के कहने से छोटे से बड़ा डाक्टर अगर आ सके और उसकी जान बचा सके तो क्या ऐसी व्यवस्था हो सकती है ?

इन्हीं शब्दों के साथ मैं उम्मीद करता हूं कि आप इन सुझावों पर गौर करेंगे ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY): I think we have to take up the Short-duration Discussion now. What about the Home Minister?

SHRI M. M. JACOB: The Home Minister is on his way. The reply was being made in the Lok Sabha. It is over now and the Home Minister is on his way to the Raya Sabha. One of the Ministers will be coming here shortly.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY): Then, we can continue with this discussion for the present. Shri Ram Awadhesh Singh.

श्री राम अवधेश सिंह (बिहार) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि बहुत कम समय आप देंगे और जैसे ही गृह मंत्री जी आएंगे वैसे ही आप मुझे बोलने नहीं देंगे ।

मान्यवर, यह जो बहस चल रही है स्वास्थ्य और परिवार नियोजन पर, वर्मा जी ने बहुत अच्छी बातें कहीं हैं, सुझाव भी दिए हैं लेकिन जो खर्चे का आंकड़ा है उससे लगता है कि देश के स्वास्थ्य के बारे में स्वास्थ्य मंत्रालय का ध्यान नहीं है । उल्टा यह होना चाहिए था कि स्वास्थ्य की ओर ध्यान होता तो धीरे-धीरे प्रतिशत खर्चा बढ़ता जाता, लेकिन धीरे-धीरे उसका प्रतिशत खर्चा घटता जाता है इसका मतलब यह है कि स्वास्थ्य मंत्रालय का राष्ट्र के स्वास्थ्य की ओर कोई ध्यान नहीं है । पार्टी का स्वास्थ्य चाहे जैसा भी हो । इसके लिए मैं एक सुझाव देना चाहता हूं कि भारत सरकार केन्द्रीय रिसर्च सेंटर बनाए आयुर्वेदिक दवाओं की जांच के लिए, होम्योपैथिक दवाओं की जांच के लिए और ऐलोपैथिक दवाइयों की जांच के लिए और वहां सहज जनता की पहुंच हो ताकि किसी सैंपुल को लेकर वहां लोग जांच करवा सकें क्योंकि आम तौर पर जो खराब दवायें होती हैं उनकी जांच नहीं हो पाती है । इसके लिए मैंने एक क्वेश्चन पूछा था जिसका जवाब मंत्री नहीं दे पाए । लेकिन मैं निश्चित रूप से यह जानना चाहता हूं मंत्री जी से कि इस संबंध में उनका रुख है क्योंकि हमारे यहां एक वैद्यनाथ आयुर्वेद है वह आरीजनली राजस्थान का है । पटना में उसका प्रोडेक्शन सेन्टर है, कानपुर में है, झांसी में है । लेकिन वैद्यनाथ आयुर्वेद घटिया दवाएं बनाता है । उसमें जो कम्पोनेन्ट्स मिलाता है वह घटिया मिलाता है । मैं जानता हूं मैंने पैकड दवा खरीदी है वह घटिया है । इसकी जांच होना चाहिए उसके घर पर अभी सरकार रेड कराये तो जो चीज मिलनी चाहिए वह चीज उसके स्टोर में नहीं मिलेगी । जैसे च्यवनप्राश है । वह कहते हैं कि गाय के घी से, मधु से और आंवला से और दूसरी चीजें डालकर इसको बनाते हैं लेकिन आप देखेंगे कि आंवला की जगह पर वह डालते है गजरा और अमली घी की जगह पर डालते है डालडा घी । इसी तरह से और कई मिलावटी चीजें वह डालते है जो देश का स्वास्थ्य खराब करती है । जब मैं विधान सभा में था तो मैंने इस बारे में सवाल भी उठाया था । उसके घर पर रेड भी हुई थी । उस समय कुछ धड़-पकड़ भी हुई थी । थोड़ा बहुत उसमें सुधार भी हुआ था लेकिन मैं समझता हूं फिर उसका वही हाल हो गये हैं । अब भी वह द्राक्षसव अंगूर के रस की बजाय महुआ मिलाते हैं अगर उसके घर अब रेड पड़े तो वहां स्टोर से महुआ और गजरा बहुत अधिक मात्रा में मिलेगा जिसकी वहां पर जरूरत नहीं है लेकिन वह डालते हैं । इस तरह से सारी दवाओं में वह मिलावट करते हैं इससे देश का स्वास्थ्य खराब होता है । मैं जानना चाहता

[श्री राम अवधेश सिंह]

हूं कि क्या उनके घर पर रेड की जायेगी? वह राजस्थान के हैं और हमारे एक मंत्री जी भी राजस्थान के हैं। हो सकता है उनका आना जाना हो थोड़ा बहुत उनकी वजह से हो जाए। इतना जरूर कहना चाहता हूं कि यह देश के साथ खिलवाड़ हो रहा है। चाहे कोई भी आदमी हो इस तरह से अगर देश के साथ खेल तो उसको नहीं खेलने देना चाहिए। यह तो मैंने एक उदाहरण दिया है। अगर इस पर सरकार आनाकानी करेगी, जांच नहीं करेगी, धर-पकड़ नहीं करेगी तो आप इस बात को समझें कि हम बिल्कुल इस निश्चित राय के होंगे कि सरकार की साजिश से, सरकार की राय में ही यह सारी कार्रवाई हो रही है। मेरी राय है कि जैसे एलोपैथी दवाओं के ऊपर फार्मूला लिखा होता है और उसके बाद फार्मूले की जांच की जा सकती है वह आयुर्वेदिक दवाओं पर नहीं लिखा होता और इस कारण से जांच करना बड़ा मुश्किल होता है। यह नहीं पता लगता कि वह क्या कम्पोनन्टस उसमें डाल रहे हैं। उसमें क्या-क्या चीज मिलती है और क्या चीज मिला रहे हैं। मेरा कहना यह है कि केन्द्रीय रिसर्च सेंटर आयुर्वेदिक दवाओं के लिए हों। जिसमें जांच कराई जा सके।

अंत में एक बात कहना चाहता हूं कि रासायनिक उद्योगों से भारत सरकार का तो गहरा नापाक रिश्ता है। यह चार्ज करना चाहता हूं और अगर सरकार इस चार्ज को नहीं मानती है तो सरकार को एक पार्लियामेंटरी कमेटी बनानी चाहिए इस बात के लिए कि दवाओं के दाम बेहिसाब ज्यादा हैं। इस पर मंत्रालय को चाहिए एक कमेटी बनाये। जो दवायें बनाने वाली कम्पनियां हैं उनकी कास्ट आफ प्रोडेक्शन को देखना चाहिए। जो केमिकल कम्पनियां हैं, ड्रग्स कम्पनियां है उनकी दवाओं की कीमत पांच गुना से लेकर 25–30 गुना ज्यादा होती है कास्ट आफ प्रोडेक्शन से। लागत खर्च से डेढ़ गुना से ज्यादा कभी भी किसी ड्रग्स कंपनी को दवा के दाम निश्चित करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि दवायें जान बचाने वाली चीज होती है। लाइफ सेविंग ड्रग्स के बारे में और जो और भी दवायें हैं उनके बारे में सरकार को निश्चित तौर से चिंतित होना चाहिए क्योंकि इन दवाओं से राष्ट्र का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। इसलिए इन दवाओं के दाम लागत मूल्य से डेढ़ गुना से ज्यादा किसी भी हालत में नहीं होना चाहिए। मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या सरकार दवाओं की कीमत तय करने के लिए कोई कमेटी बनायेगी ताकि उनके निश्चित दाम तय किये जा सकें। जो आयुर्वेदिक रिसर्च सेंटर है क्या वह इस संबंध में ठीक से काम कर सकेगा। साथ ही मैं यह भी जानना चाहता हूं कि वैद्यनाथ आयुर्वेदिक भवन के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी, उसके ऊपर रेड किया जायेगा, इसका कैटेगरीकली जवाब मैं स्वास्थ्य मंत्रालय से चाहता हूं।

SHORT DURATION DISCUSSION

Communal situation in the country

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY): Now we shall take up the short duration discussion on the communal situation in the country.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): Sir, I apologize, I was not here at 3.30.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY): Mr. Gurudas Das Gupta.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): Sir, it is really a tragedy that even after 40 years of the martyrdom of Mohandas Karamchand Gandhi when communalism made its greatest assault on Indian secularism, the nation seems to be unaware of the increasing menace of communal forces, and the political leadership at different levels seems to